ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस (व्यवसाय में सुगमता)

उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

- ***डीपीआईआईटी, भारत सरकार द्वारा जारी की जाने वाली वार्षिक रैंकिंग में बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बी.आर.ए.पी) 2019 की संस्तुतियां लागू करने में सभी राज्यों व केंद्र शासित क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है***
- ***बी.आर.ए.पी 2017–18 के मूल्यांकन में उत्तर प्रदेशें देश में 12 वें स्थान पर था***
- ***राज्य का सिंगल विण्डो पोर्टल–निवेश मित्र इस उल्लेखनीय उपलब्धि के प्रमुख कारकों में से एक रहा है, जिसके माध्यम से अब तक 94 प्रतिशत् एनओसी व लाइसेंस आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है।***
- ***इस वर्ष माह मई से उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी 75 जिलों की ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में सुधारों के आधार पर जनपदवार रैंकिंग करना शुरू कर दिया है।***
- ***इस क्षेत्र में एक अग्रणी प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान– 2020–21 सुधारों कको लागू करना का कार्यान्वयन प्रारम्भ कर दिया है, जिसमें 301 संस्तुतियों में से 170 सुधारों को लागू भी किया जा चुका है।***

लखनऊ, 05 सितम्बर 2020

एक अत्यंत सराहनीय उपलब्धि के अन्तर्गत आज नई दिल्ली में भारत सरकार की **माननीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, श्री पीयूश गोयल द्वारा जारी बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2019 की संस्तुतियों को लागू करने की वार्षिक मूल्यांकन रैंकिंग में 10 स्थानों का उल्लेखनीय सुधार करते हुए उत्तर प्रदेश ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।**

ज्ञात हो कि 2017–18 के मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश देश में 12 वें स्थान पर था। इस वर्ष उत्तर प्रदेश ने अनेक प्रगतिशील व अग्रणी राज्यों, जैसे– गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान व महाराष्ट्र को पीछे छोड़ते हुए ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में यह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

बी.आर.ए.पी 2019 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा संस्तुत 187 सुधारों में से 186 सुधारों को लागू किया है। इस वर्ष राज्यों का मूल्यांकन पूर्ण रूप से यूजर फीडबैक पर आधारित था, इसलिए देश भर में दूसरी रैंक हासिल करना यह दर्शाता है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के ओजस्वी नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित इन सुधारों का लाभ वास्तविक रूप से उद्यमियों को प्राप्त हो रहा है। ये सुधार कई क्षेत्रों में कार्यान्वित किए गए

हैं, जैसे– श्रम नियमों, ऑनलाइन सिंगल विण्डो, सूचना तक आसान पहुंच और पारदर्शिता, भूमि प्रशासन, निर्माण अनुमति, वाणिज्यिक विवाद, निरीक्षण सुधार आदि।

व्यवसाय में सुगमता में वृद्धि से सम्बंधित इन सुधारों को लागू करने में राज्य के 20 से अधिक विभाग व संस्थाओं जैसे–इन्वेस्ट यूपी (पूर्व में उद्योग बंधु), श्रम विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाणिज्य कर, ऊर्जा, स्टांप एवं पंजीकरण, समस्त औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आबकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहित अनेक विभागों ने योगदान किया है।

उत्तर प्रदेश का सिंगल विण्डो पोर्टल–निवेश मित्र का दक्ष कार्यान्वयन इस उल्लेखनीय उपलब्धि के प्रमुख कारकों में से एक रहा है। **मात्र 2 वर्ष की अवधि में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु (एनओसी) निवेश मित्र पर उद्यमियों के लगभग 2,29,936 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से अब तक 94 प्रतिशत् एनओसी व लाइसेंस आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है।**

इस उपलब्धि की सराहना करते हुए **माननीय मंत्री, औद्योगिक विकास, श्री सतीश महाना ने कहा**, *"माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से बिज़नेस–टू–गवर्नमेंट (बी2जी) की इंटरएक्टिव प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने पर बल दिया है। हमारी सरकार विभिन्न आईटी संचालित मॉड्यूलों का उपयोग करके ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को बेहतर बनाने में सफल रही है, निवेश मित्र ऐसे सफल उपायों में से एक है।"*

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री आलोक टण्डन ने कहा कि *ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में उत्तर प्रदेश की उल्लेखनीय यात्रा इस तथ्य का प्रमाण है कि सरकारी मशीनरी और उद्योगजगत की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को कम करने के लिए अब निवेश मित्र पोर्टल एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।*

अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास श्री आलोक कुमार ने कहा, *"बीआरएपी 2019 सुधारों के कार्यान्वयन का अधिकतम अनुमोदन और निवेश मित्र पोर्टल पर यूज़र फीडबैक में उद्यमियों द्वारा दिए गए 'संतुष्टि' के उच्च स्तर के कारण उत्तर प्रदेश को यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस के मापदंडों पर आधारित सभी 75 जिलों की मासिक रैंकिंग जैसे कदम भविष्य में अनुकूल कारोबारी माहौल के सृजन में उत्तर प्रदेश के लिए कई और ऊंचाइयों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।"*

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इन्वेस्ट यूपी, श्रीमती नीना शर्मा ने बताया *कि ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुआ द्वितीय स्थान स्पष्ट रूप से उद्योगजगत के बीच निवेश मित्र पोर्टल की व्यापक स्वीकृति को दर्शाता है।* **उन्होंने बताया** कि निवेश मित्र पोर्टल पर अब तक उद्यमियों से कुल 18,120 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 17,752 को 98 प्रतिशत् की समाधान दर पर सफलतापूर्वक हल किया गया है।